डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 11 – 2083 | भोपाल, दिन बुधवार, दिनांक 27 मई, 2026

न्यूज गैलरी

पबजी में हारा तो साथी के सीने पर चाकू मार दिया

भोपाल। एमपी नगर में पबजी गेम में हारने पर इंजीनियरिंग छात्र ने अपने साथी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, रीवा निवासी विवेक त्रिपाठी बीटा कॉम्पलेक्स (जोन-02) में अपने साथियों लोकमणि त्रिपाठी, पंकज मीणा और ओम द्विवेदी के साथ किराए पर रहता है। एसआई कुलदीप खरे ने बताया कि सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात चारों दोस्त पबजी खेल रहे थे। खेल में हारने पर साथियों के कमेंट से लोकमणि भड़क गया। मंगलवार सुबह 5 बजे उसने विवेक के सीने पर चाकू से वार कर दिया और फरार हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घरेलू विवाद में तालाब में जान देने गया, बचाया

भोपाल। छोटा तालाब की बगिया (बड़े तालाब) पर मंगलवार को सजग गोताखोर की तत्परता से एक युवक की जान बच गई। घोड़ानक्कास निवासी सुनील पारिवारिक कलह से परेशान होकर आत्महत्या के इरादे से वहां पहुंचा हालांकि पुल पर था। वहां तैनात नगर निगम के गोताखोर होश कांतेकर को आशंका हुई, तो उन्होंने युवक से बातचीत की। समझाइश और काउंसलिंग के बाद सुनील मान गया। गोताखोर ने तालाब परिसरों की फोन कर बुलाया और युवक को उसके साले सोनू के सुपुर्द कर दिया।

जमीन हड़पने के आरोपी फेथ ग्रुप के मालिक की जमानत याचिका खारिज

भोपाल। फेथ ग्रुप के मालिक रायबेंद्र सिंह तोमर की जमानत याचिका भोपाल कोर्ट ने खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि आरोपी के रायबेंद्र तोमर खिलाफ गंभीर भावनाओं में जांच जारी है, इसलिए उसे जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता। मामले में रिटायर्ड डीजीपी एमएम जोशी ने आरोपी दर्ज कराते हुए कहा कि आरोपी ने उनके फर्जी हस्ताक्षर कर दस्तावेज तैयार किए और उन्हें चार्टर्ड से बाहर कर दिया, जबकि जमीन उनकी और उनकी पत्नी के नाम पर थी। कोर्ट में यह भी कहा गया कि रायबेंद्र चार साल तक फरार रहा और हाल ही में फरार घोषित फरार होने की आशंका है।

अधिक प्रवेश पर सांदीपनी स्कूल के प्राचार्य पर कार्रवाई

भोपाल। लोक शिक्षण संचालनालय ने विदिशा जिले के शासकीय सांदीपनी उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय स्टेशनी के प्राचार्य रामेश्वर प्रसाद शर्मा की एक वार्षिक वेतन वृद्धि रोक दी है। कार्रवाई क्षमता से अधिक विद्यार्थियों को प्रवेश देने और विभागीय निर्देशों की अनदेखी करने पर की गई। आयुक्त लोक शिक्षण शिल्पा गुप्ता ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार सत्र 2024-25 में स्कूल में 1507 विद्यार्थी थे, जबकि 2025-26 में संख्या बढ़कर 1715 हो गई। संख्या बढ़ाने का कारण नहीं बता सके।

वृद्धा से 60 हजार के चांदी के जेवर और नकदी छीनी

भोपाल। लालघाटी के जैन नगर में 78 वर्षीय बुजुर्ग महिला से दिनदहाड़े झपटमारी का मामला सामने आया है।कोहेफिजा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़िता गुरुमाला जैन ने अपने बेटे सूरज जैन के साथ थाने में शिकायत दर्ज

दिवशा डेथ | गिरिबाला सिंह के घर पहुंची सीबीआई, महत्वपूर्ण सबूत जब्त

समर्थ से पूछा – 10 दिन कहां रहे ? मां और बेटे से 2 घंटे तक ,पूछताछ,

भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने कहा कि हमने सीबीआई को पूरे डिजिटल एविडेंस दे दिए हैं। हमारी टीम जांच पूरी नहीं कर पाई है। इस बीच सीबीआई ने केस अपने पास ले लिया, फिर से एफआईआर दर्ज की

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

एम्प्रेस व कंडल टिपरा शर्मा नीत के मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने जांच तेज कर दी है। मंगलवार को दिल्ली से आई सीबीआई टीम रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह के रिसत घर पहुंची और घटनास्थल का स्पॉट विजिटेशन किया। टीम ने मौके से सीसीटीवी फुटेज समेत कई महत्वपूर्ण सबूत जब्त किए। इस दौरान गिरिबाला सिंह और समर्थ सिंह से दो घंटे तक पूछताछ की गई है। करीब दो घंटे तक चली कार्रवाई के बाद सीबीआई टीम घर से निकली और फिर दिवशा के परिजनों से पूछताछ के लिए पहुंची। आनी कैंट स्थित गेस्ट हाउस में सीबीआई ने परिवार के लोगों से अलग-अलग रूम में बयान लिए।

जिन 46 बड़े लोगों को गिरिबाला ने फोन किए उनके भी बयान लेगी सीबीआई

3 दिन की पूछताछ में एसआईटी खाली हाथ एसआईटी की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल 7 दिन की रिमांड में होंगे कई अहम खुलासे

सीबीआई ने एसआईटी की जांच पर नाराजगी जताई

मामले में भोपाल पुलिस की एसआईटी की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। सीबीआई ने भी एसआईटी की जांच को लेकर नाराजगी जताई है। बताया जा रहा है कि अब तक केस डायरी तक पूरी नहीं हो पाई थी। सात दिन की रिमांड और तीन दिन की पूछताछ के बावजूद एसआईटी जांच समर्थ सिंह से अहम जानकारी नहीं निकाल पाई। जांच एजेंसी अब यह जवाब मांगने की तैयारी कर रही है कि 46 के बाद समर्थ क्या और घटनाक्रम क्या रहा? दिवशा के परिजन पहले से ही पुलिस जांच पर सवाल उठा रहे थे। उनका आरोप था कि शुरुआत में दुर्घटना स्तर तक लापरवाही बरती गई और रास्तों को दुरुस्त रखने में देरी हुई।

समर्थ को मेडिकल जाया गया

रात को पुलिस टीम समर्थ सिंह को बयान लिए बाद एम्स लेकर पहुंची। मेडिकल प्रक्रिया पूरी करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस बीच सीबीआई की टीम अब दिवशा लिंक वाले पहुंचकर केस संबंधी डिजिटल रिकॉर्ड और उस लड़की की जांच कर रही है। सीबीआई जिले के बाहर के पुलिस जांच को भी एक बार खंगालना करेगी कि कोई दबाव या लापरवाही हुई थी?

समर्थ बोला– मैंने उस पर कभी हाथ नहीं उठाया

सीबीआई से समर्थ ने कहा है कि उसने कभी दिवशा पर हाथ नहीं उठाया है कभी-कभार विवाद जरूर होता था लेकिन इसके लिए उसे मारपीट का कम नहीं किया। वहीं गिरिबाला सिंह ने सीबीआई से कहा कि घर में 15 दिन बाद वह नहीं बेटी आई थी।

7. 50 करोड़ रुपए की 4200 वर्गमीटर जमीन अतिक्रमण से मुक्त

रेलवे की जमीन पर लाइन से झुग्गियां 84 पर चला बुलडोजर

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

दुष्यंत वायरलेस फैक्टरी के पीछे आनू नगर में रेलवे की जमीन पर कब्जे का पूरा मेडपर्क पीर रहाने आया। तीन साल पहले हटाए गए अतिक्रमण दोबारा खड़े हो गए और सिर्फ छह महीने में 4200 वर्गमीटर जमीन पर 84 नई झुग्गियां तान दी गईं। प्रशासनिक जांच में पता चला कि कई कब्जाकारियों के पास पहले से मकान और झुग्गियां हैं, लेकिन रेलवे की जमीन पर अवैध कब्जा कर इन्हें 2 से 3 हजार रुपए महीने किराए पर चढ़ा दिया गया। कई झुग्गियों को गोदाम बनाकर पैकिंग का सामान रखा मिला।

नगर निगम और जिला प्रशासन ने जेसीबी चलाकर सभी 84 कब्जे तोड़े। कार्रवाई में रेलवे की करीब 7.5 करोड़ रुपए मौजूदा की जमीन खाली कराई गई। अधिकारियों के मुताबिक पहले नोटिस दिए गए थे, लेकिन कब्जे नहीं हटे। इसके बाद रेलवे ने प्रशासन की मदद से अतिक्रमण हटवाया।

एक किमी तक बसी झुग्गी

रेलवे ने कब्जा रोकने के लिए निहालपुरा फाटक से फेंसिंग शुरू की थी, लेकिन अन्नू नगर पहुंचते ही काम ठप हो गया। यहां से अतिक्रमण करीब एक किमी तक फिर झुग्गियां बस गईं। अब वहां फेंसिंग होगी।

सरकारी जमीन पर किराया

कार्रवाई के दौरान सामने आया कि कई झुग्गियां खुद रहने के लिए नहीं, बल्कि किराए और सामान रखने के लिए बनाई गई थीं। मानो सरकारी जमीन पर कब्जा कर कमाई का पूरा सिस्टम खड़ा हो गया था।

पुनर्वास पर फिर उठे सवाल

गैस पीड़ित संगठन की रचना ढींगरा ने आरोप लगाया कि जिन पुनर्वास योजनाओं की बातें की जाती हैं। उनका कहना है कि जिनकी कार्रवाई के बाद भी जमीनों पर परिवारों को स्थायी आवास नहीं मिला।

एसडीएम बोले– रेलवे की शिकायत पर कार्रवाई

गोविंदपुरा एसडीएम मुकेश गुप्ता ने कहा कि जमीन रेलवे की है। शिकायत मिलने के बाद नोटिस देकर नियमानुसार पहले हटाए गए

कोर्ट ने कहा- मामले में अफसरों को झूठा फंसाने की मंशा

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

मेल में फर्जी वारंटीज के आधार पर पदोन्नति पाने के मामले में भोपाल कोर्ट ने मेल के तत्कालीन हीर्ड प्रबंधन, चयन समिति सदस्यों और एचआर विभाग के महाप्रबंधक समेत 19 वरिष्ठ अधिकारियों को सह-अभियुक्त बनाने की मांग खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि आरोपी के रायबेंद्र तोमर खिलाफ गंभीर भावनाओं में जांच जारी है, इसलिए उसे जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता। मामले में रिटायर्ड डीजीपी एमएम जोशी ने आरोपी दर्ज कराते हुए कहा कि आरोपी ने उनके फर्जी हस्ताक्षर कर दस्तावेज तैयार किए और उन्हें चार्टर्ड से बाहर कर दिया, जबकि जमीन उनकी और उनकी पत्नी के नाम पर थी। कोर्ट में यह भी कहा गया कि रायबेंद्र चार साल तक फरार रहा और हाल ही में फरार घोषित फरार होने की आशंका है।

खुदाई समय कुआ धसने से 5 मजदूरों की की मौत... पोर्टल में नाम तक दर्ज

यहां धंसा कुआं ग्रामीणों ने जेसीबी मशीन से खुद बचाव कार्य शुरू किया।

डीआर संवाददाता ▶▶ पन्ना

पन्ना के ग्यारहवा ने मंगलवार को निर्माणाधीन कुएं की खुदाई के दौरान दिन्ही धंसने से 5 मजदूरों की मौत हो गई। हादसे के समय 7 मजदूर काम कर रहे थे। दो यानी गांव बाहर आए थे। अधिकारी के अनुसार हादसा सुबह 10 बजे हुआ। बचाव दल 3 घंटे बाद पहुंचा। मृतकों के परिजन ने आरोप लगाया कि सुरक्षा के निर्माण के बिना काम तेज पर दे रहा था। रेलवे से दूसरे लोगों की मौत हुई। कुआं निर्माण कार्य मैकेनिकी-रामजी योजना के तहत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत हुआ था।

ज्यादा मजदूरी का लालच देकर काम पर लगाया

मृतक राजू के बेटे राकेश ने मुताबिक मजदूरी को 350 की बजाय 500 रुपए मजदूरी देने का लालच दिया गया था।

जांच में मृतकों के नाम मैकेनिकी-रामजी पोर्टल पर दर्ज नहीं मिले हैं। सीईओ सतीश सिंह ने इसकी जांच की बात कही है। सीएम ने 4-4 लाख की सहायता की घोषणा की है। मृतकों में आरीश, राजकुमार, राम बाल, बुन्नू, मुन्नाबाल है।

मप्र पुलिस कंप्यूटर भर्ती का अगला चरण 7 जून,

भोपाल। पुलिस में प्रधान आरक्षक (कंप्यूटर) और सहायक उप निरीक्षक (कंप्यूटर) भर्ती प्रक्रिया अब अगले चरण में पहुंच गई है। 89 पदों के लिए ऑनलाइन परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा 7 जून से 9 जून 2026 तक आयोजित की जाएगी। इस दौरान 800 मीटर दौड़ के साथ दस्तावेजों का परीक्षण भी होगा।

पीएचक्यू के अनुसार, भर्ती परीक्षा कंप्यूटर बायन मंडल द्वारा 24 और 25 मार्च 2026 को आयोजित करवाई गई थी। इसका परिणाम 8 मई को घोषित किया जा चुका है। अब चयनित अभ्यर्थियों को अगले चरण के लिए भोपाल और जबलपुर बुलाया गया है। भोपाल से परीक्षा लाल परेड मैदान, लहारीराजाबाद में होगी, जबकि जबलपुर में 5वीं वाहिनी विसवल, रांझी के परेड मैदान को केंद्र बनाया गया है। अभ्यर्थियों को अपनी तय तारीख पर ही उपस्थित होना होगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा केंद्र या तारीख में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया जाएगा।

बारात में चालक की को पीटने वाला आरक्षक निलंबित

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

कोलार के कजलीखेड़ा इलाके में 21 मई की रात करीब 3 बजे पुलिस की बर्बरता की एक गंभीर घटना हुई थी। वहां डायल 112 के आरक्षक विजेंद्र कुर्मी ने एक बारात की गाड़ी को रोका। आरक्षक ने आदिवासी वाहन चालक मुकेश कलाम से पहले गाली-गलौज की और फिर लाठियों से उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़ित की मेडिकल रिपोर्ट में लाठी से गंभीर चोटें आने की पुष्टि हुई। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए डीआईजी जोन-04, आदर्शपाल शुक्ला ने आरोपी आरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। घटना के विरोध में आदिवासी संगठन द्वारा 28 मई को आंदोलन की तैयारी थी, जो कि अब टाल दी गई है। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि वे जिलाधीश पुलिस की जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। यदि पुलिस विभाग द्वारा तय समय के भीतर आरोपी आरक्षक पर तोमरवर्ज नहीं की गई, तो आगामी दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

फुटेज की जांच जारी, एक हफ्ते में दर्ज होगा केस

हमने संबंधित आरक्षक के निलंबित कर विभागीय प्रक्रिया शुरू कर दी है। हम पूरे मामले के लिए हमें घटना के समय की गाड़ी की सेटलीम फुटेज मिल चुकी है। इसका सारोपी से विश्लेषण किया जा रहा है। साक्ष्यों के आधार पर सही कार्यवाही पाएंगे तय की जा रही है। एक हफ्ते में जांच पूरी कर हम दर्ज कर ली जाएगी। आदर्शपाल शुक्ला, डीआईजी

सरेराह गुंडागर्दी,, युवक को छुरी मार स्कूटी छीनी

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

शाहजहानाबाद थाना इलाके में सरेराह लूट और जानलेवा हमले का सनसनीखेज मामला सामने आया है। शनिवार नगर के एक बदमाश ने रास्ते से गुजर रहे 20 वर्षीय अमन यादव को रोककर विवाद किया।

विरोध करने पर आरोपी ने छुरी से हमला कर अमन को घायल कर दिया और उसकी अप्र 7649 नंबर की स्कूटी लूटकर फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक, सोमवार शाम 4:30 बजे अमन अपने दोस्त के साथ शेर से गुजर रहा था। तभी आरोपी देव वर्मा (27 वर्ष) ने उन्हें बीच रास्ते में रोककर बिना किसी बात के गाली-गलौज शुरू कर दी। जब दोस्तों ने गालियां देने का कारण पूछा, तो देव वर्मा मारपीट पर उतारू हो गया और उसने अमन को लगाया जड़ दिया। बात बढ़ने पर आरोपी ने पास पड़ी धारदार छुरी निकाल ली।

हमले के दौरान जब पीड़ित ने छुरी पकड़ने का प्रयास किया, तो उसके हाथ में गंभीर चोट आ गई। वारदात के बाद आरोपी, पीड़ित की स्कूटी पकड़ कर छीनकर भाग निकला।

घायल हालत में अमन ने थाने पहुंचकर रात 11:23 बजे शिकायत दर्ज कराई। शाहजहानाबाद पुलिस के मुताबिक, देव वर्मा इलाके का आदतन अपराधी है और उस पर पहले से ही मारपीट के 5 से 6 मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस फरार आरोपी और गाड़ी की तलाश कर रही है।

नौतपा | खजुराहो में 46.4 और नौगांव का पारा 45.6 डिग्री पर, कई जिलों में हीटवेव

आसमान में अभी भी आग का खेल... लू के बीच 20 शहरों में पारा 44 से 45 डिग्री

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मंगलवार को भीषण गर्मी और अधिकांश जिलों में लू जैसे हालात रहे। कुछ जिलों में तीव्र लू चलने से आम जनजीवन प्रभावित रहा है। शनीवार एक डिग्री के उतार-चढ़ाव के बीच 20 जिलों में पारा 44 से 45 डिग्री के बीच रहा, जबकि खजुराहो में सर्वाधिक 46.4 और नौगांव में 45.6 डिग्री दर्ज किया गया है। यहां सीधेवार हीटवेव रही। 7 जिलों में हीटवेव का असर रहा। इनमें टीकमगढ़, सतना, रीवा, दमोह, दतिया, राजगढ़ और श्योपुर

3 से 5 डिग्री तक गिरेगा पारा: विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार 28 मई के बाद प्रदेश के कुछ जिलों में आंधी बारिश का दौर चलेगा। धीरे धीरे यह तम प्रदेश के अधिकांश जिलों में ग्री-मानसून की इस बारिश से अधिकांश जिलों में दिन का पारा 3 से 5 डिग्री तक गिरेगा। प्रदेश में औसत अधिकतम पारा 40 डिग्री के करीब तक पहुंचने से तेज गर्मी से काफी राहत मिलेगी। हालांकि, रात में अभी ज्यादा बदलाव की संभावना कम है। भोपाल के अलावा दतिया, गुना, ग्वालियर, खंडवा, खरगोन, रायसेन, उज्जैन, जबलपुर, मंडला, नरसिंहपुर, सागर, उमरिया, महाजनखेड़ आदि जिलों में भीषण गर्मी और लू जैसे हालात रहे।

आज यहां रेड अलर्ट

टीकमगढ़, सतना, रीवा, दमोह, दतिया, राजगढ़ और श्योपुर में हीटवेव का असर

आसमान में अभी भी आग

भोपाल में दशकों की सबसे भीषण गर्मी रहा। यहां लू जैसा अहसास रहा। मौसम केंद्र ने कुछ जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। बीकम विभाग एवं सूचना के अनुसार 29 मई को भी भीषण गर्मी के साथ हीटवेव रहेगा। इसके बाद मौसम में बदलाव होगा, जिससे अगले सप्ताह तापमान की उम्मीद है। 3 से 5 डिग्री होगा।

कुवार को रीवा, सतना, पन्ना, छतरपुर, निवाड़ी और टीकमगढ़ में रीजियर हीटवेव का रेड अलर्ट है। दिंडिश, रायसेन, सिंग, मुरैना, सिरमौली, सीधी, नरसिंगपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, दमोह, सागर, सैहर, ग्वालियर, मण्डिश, राजगढ़, अलार, में तेज गर्मी और कुछ जगह गर्म रहा रह सकती है। भोपाल में मौसम लगभग ऐसा ही रहेगा।

भांजे व महिला मित्र की साजिश, एनआरआई मामा की 1.87 करोड़ की संपत्ति हड़पी, केस

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

कोलार इलाके में अमेरिका में रहने वाले 70 वर्षीय एनआरआई डॉ. नरेश शर्मा से करीब 1 करोड़ 87 लाख रुपए की संपत्ति और रकम हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद उनके भांजे निशिथ त्रिपाठी और उसकी मित्र प्रगति श्रीवास्तव के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, प्रगति ने खुद को बेटी जैसा बताकर डॉक्टर का भरोसा जीता। उसने बहुस्तरीय से बंजारी स्थित सिंगापुर सिटी में 88.45 लाख का मकान भांजे के नाम करा लिया। इसके अलावा वाहन के नाम पर 18 लाख

इधर, 4.39 लाख ठग लिए

बिजली बिल और कंप्यूटर नंबर अपडेट करने के नाम पर साइबर ठगी के दो मामले सामने आए हैं। कजलीखेड़ा के ठेकेदार हिमांशु शेखर गिरी से फर्जी नोटिस और ओटीपी के जरिए 1.05 लाख रुपए निकाल लिए गए। वहीं, बरा बली नगर निवासी एक्जीक्यूटिव रितेश राजपूत से बिजली अधिकारी बनकर 3.34 लाख ठग लिए गए।

लिए और ई-3 अरेरा कॉलोनी के मकान में भी फर्जीवाड़ा कर हिस्सेदारी हड़प ली। आरोपियों ने राज्यपाल का चेयरमैन पद दिलाने का लालच देकर और पैसे मांगे, विरोध करने पर रेप केस में

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 11 – 2083 सीहोर, दिन बुधवार, दिनांक 27 मई 2026

एनजीटी सख्त

सीहोर सहित 54 जिले प्रभारियों के भरोसे, सीहोर में डीपीसी पद भी प्रभारी के भरोसे

प्रभारी के भरोसे चौपट हुई सीहोर में पढ़ाई व्यवस्था, 10वीं के नतीजों में निजी अव्वल

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिले के शिक्षा विभाग में इन दिनों अंधेर नगरी चौपट राजा जैसे हालात बने हुए हैं। एक ओर सरकार शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और सुधार के बड़े-बड़े दावे कर रही है तो दूसरी ओर जमीनी हकीकत यह है कि जिले की पूरी स्कूली शिक्षा व्यवस्था योग्यता के अभाव और प्रभारियों के खेल में उलझकर चौपट हो चुकी है। इसका सबसे बड़ा प्रमाण हाल ही में आए कक्षा 10वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम हैं, जहां 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने में सीहोर शहर के निजी स्कूलों ने बाजी मारी है, जबकि सीटी हायस्कूल और तमाम सरकारी योजनाओं के बावजूद सरकारी स्कूल निजी विद्यालयों के आगे फिसड्डी साबित हुए हैं।

बात में स्थापित खेल मंच एवं जन परिषद सीहोर द्वारा आगामी 31 मई रविवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एजुकेशन छत्रीखेड़ आवाज स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 32वां नगर प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। संस्था द्वारा जारी मेधावी छात्रों की सूची ने सरकारी दावों की हवा निकाल दी है। इस सूची में 90 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने वाले अधिकांश छात्र निजी स्कूलों के हैं।

भारी तनख्वाह और मुफ्त योजनाओं के बाद भी सरकारी स्कूल शिक्षकविहीन देखिए कि हर अभिभावक सरकारी स्कूलों में अपने बच्चों को इसलिए भेजता है क्योंकि सरकार यहां लैपटॉप योजना, साइकिल योजना, निःशुल्क ड्रेस, पुस्तक और छात्रवृत्ति जैसी योजनाएं चला रही है। सबसे बड़ी बात यह है कि सरकारीसीहोर में जीईओ भी प्रभारी जीआरसी यहां राज्य यह है कि मध्य प्रदेश के कुल 55 जिलों में से केवल गुनाह ही एकमात्र ऐसा जिला है, जहां जिलों के तहत पदस्थापित और योग्य जिला शिक्षा अधिकारी मौजूद हैं। शेष सभी 54 जिलों में प्रभारी के भरोसे व्यवस्थाएं राम भरोसे चल रही हैं। इन 54 जिलों में सीहोर भी शामिल है।

जहां डीईओ के रूप में संजय सिंह तोमर प्रभारी के तौर पर काम देख रहे हैं शिक्षकों को निजी स्कूलों के शिक्षकों के मुकाबले सरकार से मोटी तनख्वाह मिलती है। बावजूद इसके केवल प्रशासनिक लापरवाही और मॉनिटरिंग के अभाव में सरकारी स्कूलों का प्रदर्शन शर्मनाक बना हुआ है।

योग्यता का अभाव

सीहोर में शिक्षा व्यवस्था चौपट होने की मुख्य वजह प्रभारी राज है। जिले में जिला परियोजना समन्वयक जीपीसी का महत्वपूर्ण पद पिछले 3 वर्षों से प्रभारी के भरोसे चल रहा है। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल ने वर्षों पहले एक स्पष्ट आदेश जारी किया था कि यदि किसी जिले में डीपीसी का पद रिक्त होता है तो संभाग प्रभार अधिकारी स्तर से जिला शिक्षा अधिकारी को ही दिया जाएगा। हालांकि ने जुनियर अधिकारियों को कमान सौंपने पर नाराजगी भी जताई थी बावजूद इसके, सीहोर में कमान में आजकार उड़ने जो कि मूलतः एक स्कूल प्रभारी हैं, नियमों के विरुद्ध पिछले 3 साल से डीपीसी की कुर्सी पर काबिज हैं।

स्कूलों के विद्यार्थियों के वार्षिक परिणाम इस प्रकार हैं

द बाल्कलोर्ड स्कूल परिणाम: आशा न्यूज़ा

93.8 प्रतिशत कृष्ण अग्रवाल 92.6, अनमोल द्विवेदी 92.2, लवीश मेहरा 91.0, सौम्या रजावत 90.6 प्रतिशत।

नूतन स्कूल हॉस्पिटलपुरा रू प्रतीक्षा तनवी 96.8 प्रतिशत, नैतिक तनु राठ 2, अनुपी प्रसाद 94.2 प्रेम सुरभाव 94.2 इंदिरा सक्सेरिया 93.0, वंशिका 92.8, आर्यन मालवीय 92.4, युवराज पलवार 92.2, अवनी तनवी 91.4, विजयश्री जसवाल 91.2, केशवी पटेल 91.0, कल्प वर्मा 90.8, देवांश सिंह राजपूत 90.2 जिन फिलर 90.2 शामिल हैं। वन्तु मर्ड स्कूल सुरभि साहू 94.8, किंग्स गालोपेर 94.4 नेतकिस 94.0 जनुपी प्रेजकर्मी 93.6, मन्ना राठौर 92.0, एलेन जैन 92.0, सुख पैमेरे 92.8, देवता 92.4 रायबोर सुकवाह 92.4, प्रेम राठौर 92.2, रुपेश अग्रवाल 92.2 तनीषा जयमेरिया 92.2, दैनमयी जाटिल 92.2, दिव्या श्री अवासल 92.0, सलन नाथ 92.0 जपती जर्मा 91.6 प्रकाश कुशे 91.2 हसीन रहीन सैयी 91.0, पीयूष मलिक 91.0, शायना कासिम 91.0, मनिक जोशी 91.0 शामिल हैं।

नवीन विद्या मंदिरम संजनी पाल 90.0, सुरभू मगर 93.4, विशी विश्वकर्मा 90.0, ऋचिका वर्मा 90.0, सदाशिव सिंह 91.0, शशी दांगी 87.2 और तनया वर्मा 92.4 शामिल हैं।

सारदा विद्यालय: हंगिका केवल 92.2, पलाशी शर्मा 91.6 और अर्पण तनवी 90. 8 प्रतिशत शामिल हैं।

स्वास्तिक स्कूलस: शाशी मेघाडा 94.0, शाशी मालवीय 90.0 लक्ष्मी पटेल 91. 0 शामिल हैं।

मोनालिसा स्कूलस: शिवानी प्रजापति 92.6

अभिनव सुभाष 90.2 प्रतिशत।

सेंटमेरी स्कूल मन्डी: प्रतिभा गौर 98.6, तन्मय शर्मा 96.2, योग नारायण 94.2, भूमिका शर्मा 90.6, जयश्री वर्मा 90.6, हर्षिता गोस्वामी 92.8, हर्षिता शर्मा 92.6, आंशी मेघाल 92.0 और राजवी त्रिवेदी 91. 2 प्रतिशत शामिल हैं।

डेरे से ट्रक में 40 भेड़े भर ले गए

डीआर संवाददाता»सीहोर

चोरों की गैंग ने रात में शाकर खेड़ा स्थित नाजर भेड़-बकरियों के डेरे पर धावा बोल दिया। पिकअप ट्रक लेकर पहुंचे बदमाशों ने हथियार दिखाकर डेरे से 40 भेड़ों को ट्रक में भरकर ले गए। पीड़ित राम रोहता, तहसील आहोर, जिला जालौर राजस्थान के भेड़ मालिक विष्णु हजारा थाना पहुंचा तो पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने से ही इंकार कर दिया।

मंगलवार को राजस्थान के पशुपालक रोगन अब्बास अशोक देवासी भीगड़ ने भेड़ पालक को न्याय दिलाने और चोरी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग को लेकर एसपी कार्यालय में एसडी सुनीता रावत को आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि 17 मई की रात 3 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने डेरे पर धावा बोला और 40 भेड़ों को पिकअप वाहन में भर कर ले गए। उन्होंने बताया कि यह पहली घटना नहीं है। पिछले एक साल में जिले के अलग अलग क्षेत्रों में भेड़पालक की 500 भेड़े चोरी हो चुकी है। जिम्मेन्न मानों में गशुपालकों द्वारा विभन्नयो दी गई, लेकिन अधिकांश मामलों में एफआईआर तक दर्ज नहीं की जा रही है। जिससे चोरों अपराधियों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं।सीसीटीवी में पिकअप वियपान डेरा हुआ जाता दिखाई दिया चोरों का संगठित गिरोह 8-10 लोगों के साथ डेरों पर हमला करता है। और भेड़ों को वाहनों में भरकर ले जाता है। इधरपर थाना पुलिस मेरे साथ दो दिनों तक आसपास के क्षेत्रों में गई थी। इस दौरान मुख्य मार्ग छोड़कर आडट रास्तों से वाहन निकलते पाए गए है। सीसीटीवी फुटेज में भी एक पिकअप वियपान डेरा हुआ जाता दिखाई दिया। इसके बावजूद पुलिस द्वारा अब तक न तो कोई गंभीर जांच की गई और न ही एफआईआर दर्ज की गई। फरियादी ने एफआईआर दर्ज करने, संदिग्ध वाहनों एवं गिरोह को पकड़ने सीसीटीवी फुटेज देखने, चोरी हुई सभमग 40 भेड़ों को बरामद तथा वाहन दिलाने की मांग प्रशासन से की है।

न्यूज गैलरी

हॉस्टल के पास मिला शव

भैरूंदा। नगर के गौरी मोहल्ला स्थित हॉस्टल के पास एक व्यक्ति का शव मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। थाना प्रभारी धनराज दांगी ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक की पहचान राजेश पर्क लल्लू, वल्लभ पिता रोशन मालवीय, जाति धोबी, उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी राधेश्याम कॉलोनी भैरूंदा के रूप में की गई है।

शिविर में कॉलेज शिवापुंज

इछावर। किसान ढ्ढ कार्यक्रम के शिविर लगा। नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय महाविद्यालय इछावर के प्राचार्य और अकादमिक कैकल्टी के प्रतिनिधि स्कूल पहुंचे। उन्होंने कॉलेज के कोर्स कोर्स और और छात्रि स्कॉलरशिपों की जानकारी दी। मंगलवार को हुए शिविर में विद्यार्थियों को भविष्य में रोजगार की संभावनाओं के बारे में बताया गया। शिविर में सरोजिनी स्कूल के 30 से 35 विद्यार्थी मौजूद रहे। प्राचार्य सुनीता यादव ने विद्यार्थियों को करियर से जुड़ी जानकारी दी। सीताराम विश्वकर्मा ने योजनाओं के बारे में बताया। महाविद्यालय से कलावती गाजरिया और अरविंद बैस भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा छात्रों को महाविद्यालय में प्रवेश के लिए प्रेरित करना रहा।

पंप ऑपरेटरों को दिया गया पानी की टंकियों की सफाई का प्रशिक्षण

सीहोर। जल रंग अभियान के अंतर्गत नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा सीहोर जनपद पंचायत स्थित सभी जनपदों में पंप ऑपरेटरों को बीडा ओन बीडा के माध्यम से पानी की टंकियों की वैज्ञानिक एवं सुरक्षित तरीके से सफाई करने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा टंकियों की नियमित सफाई, पानी की गुणवत्ता बनाए रखने, क्लोरीनेशन प्रक्रिया तथा स्वच्छता संबंधी आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि समय-समय पर पानी की टंकियों की सफाई सुनिश्चित करना जरूरी है।

इछावर बस स्टैंड पर बेल्ट-चेन से मारपीट का वीडियों वायरल

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर जिले के इछावर नगर के मुख्य बस स्टैंड पर दिनदहाड़े हुई विवादास्पद मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मंगलवार की बताई जा रही इस घटना में कुछ युवक बेल्ट, लोहे की चेन और लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर हमला करते दिखाई दे रहे हैं। घटना के दौरान बस स्टैंड पर मौजूद यात्रियों में अफरा-तफरी और भय का माहौल बन गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इछावर बस स्टैंड पर अनामलिक तत्वों का लगातार आना बढ़ गया है। यात्रियों के लिए बनाए गए प्रतीक्षालय और सार्वजनिक सुविधाओं पर इनका कब्जा बढ़ता है। आरोप है कि कई युवक यहां खुलेआम शराब पीते और विवाद करते नजर आते हैं, जिससे आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

इस अव्यवस्था का सबसे अधिक असर महिलाओं और नहिला यात्रियों पर पड़ रहा है। वहां का इंतजार करने आई कई छात्राओं ने बताया कि असामाजिक तत्व अक्सर टिप्पणियां करते हैं, जिससे वे असुरक्षित महसूस करती हैं। नगरवासियों ने बस स्टैंड पर नियमित पुलिस गश्त, स्थायी चौकी और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है।

44 डिग्री से पार पारा और दूर-दराज थे शिविर

सीहोर। भीषण गरमी और लूके थपेड़ेहा इन दिनों जिला भीषण गर्मी की चपेट में है। दोपहर के समय तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चल रहा है। ऐसे में अभिभावकों ने बच्चों को धूप में भेजने से परहेज किया।

परिचालन की समस्या: ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों से कंडों तक आने-जाने के लिए उचित परिवहन साधन उपलब्ध नहीं थे। बसों और अन्य वाहनों में सफर करना छात्रों के लिए मुश्किल साबित हुआ।

प्रचार-प्रसार की कमी कई अंदरूनी गांवों में छात्रों तक शिविर की सूचना समय पर या सही तरीके से नहीं पहुंच पाई, जिसका ये इसमें शामिल नहीं

अघोषित बिजली कटौती के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

डीआर संवाददाता»सीहोर

संकट व महंगाई के विरोध में कांग्रेस जन हल्लाबोल अभियान शुरू किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, विधानसभा प्रभारी अशोक पटेल व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर ने नेतृत्व में प्रदेश के राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया कि पावर के दामोन क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती से हाहाकार है। जनता जानी खरीदने को मजबूर है। नगर परिषद में अव्यवस्था व अपरिचालन चरम पर है। वहीं सरकार द्वारा डीजल, पेट्रोल, एलपीजी, रीएनजी दामों में की गई बेतहाशा मूल्य वृद्धि को तुरंत वापस किया जाए। ज्ञापन के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की। जिला अधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया कि 1-2 दिन में बिजली कटौती की समस्या दूर हो जाएगी। ज्ञापन देने वालों में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव राजीव गुजराती, विधानसभा प्रभारी अशोक पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर, विधानसभा प्रभारी डॉ कमल सिंह चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष आष्टा धर्मेंद्र सिंह ठाकुर सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बिजली कटौती पर अब बिजौरी जोड़ किया जाम

डीआर संवाददाता»सीहोर

एक तरफ आसमान से आग बरस रही है तो वहीं दूसरी तरफ बिजली कटौती ने जीना मुहाल कर दिया है। ग्रामीणों ने मंगल चुनुस निकाला, भजन-कीर्तन किए लेकिन अफसर नहीं जागे। अब कटौती से मुरकाए 10 से अधिक गांवों के लोग मंगलवार को सड़क पर उतर आए।

आक्रोशित ग्रामीणों ने सीहोर-बरासुर मार्ग स्थित ग्राम बिजौरी जोड़ पर सुबह सवाकाल जाम किया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। इसके बाद सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और दो दिन में व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम खोला गया।ग्रामीणों ने कहा कि यदि 2 दिन में कटौती बंद नहीं हुई तो अगली बार उग्र आंदोलन होगा।

दिन में भी बिजली कटौती हो रही है। जब रात के समय भी 3 से 4 घंटे बिजली गुल हो जाती है तो इस भीषण गर्मी और उमस के कारण बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं रात-रात भर सो नहीं पा रही हैं। मच्छरों के कारण और परेशानी हो रही है।

पेयजल संकट भी गहराएगा

अघोषित कटौती का दोहरा नुकसान हो रहा है। एक तरफ घरों में लोग परेशान हो रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ बिजली नहीं रहने से गांवों में पेयजल संकट और गहरा रहा है। इसका कारण यह है कि रात 12 बजे से बिजली की आपूर्ति शुरू हो जाती है। ऐसे में रात के समय टंकी तक नहीं भर पा रही हैं। बुजुर्गों के लिए पानी का संकट सबसे बड़ा गया है।

ढलित परिवार पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में जाटव समाज कल्याण संगठन

डीआर संवाददाता»सीहोर

कलेक्टोरेट मंगली में शनिवार, 25 मई को दलित परिवार पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में सीहोर जाटव समाज कल्याण संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने नेतृत्व में सीहोर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। कथित विवाद जाटव ने ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया कि शाजापुर जिले के कलापीपल मण्डी में सोमवार को भूमि विवाद को लेकर दलित परिवार पर बन्दूक चलाई गई, जिससे एक व्यक्ति को 8 एवं दूसरे को एक गोली लगी है, वहीं के परिजनों को केवल्ही से लाठी से पीटा गया है, जिसको घायल पीड़ित परिवार के लोग जिन्दगी और मौत से लड़ रहे हैं, परन्तु आरोपियों को अभी गिरफ्तार नहीं किया गया है। जिसके विरोध में ज्ञापन सौंपा गया है, जिसमें मांग की गई है कि पीड़ित परिवार को सुरक्षा प्रदान करते हुए आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजा जाये। अन्यथा संगठन द्वारा आन्दोलन करने की चेतावनी दी गई है।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से नरेन्द्र खिरवाल, मनोज करेल, नरेन्द्र कनाड़िया, समाजसेवी शम्भी जाटव, समाजसेवी अनिल सुनार, कविखार, रीटू कनाड़िया, कमल किशोर जाटव, पुष्पा नेता सुगन कनाड़िया, हेमन्त गाजी, राहुल जाटव, अनिल पुरोहित, उमेश मंगरोलिया, एडवोकेट रविन्द्र मेवन, जुगल सुनेरिया, दिनेश कनाड़िया, मोहन कनाड़िया, प्रिंस राज अहिरवार, युवराज अहिरवार, केशव कोटिया, लक्ष्मण जाटव, अनुराग जाटव सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।

शाहगंज में युवक पर दातरा और डंडे से हमला, मामला दर्ज

बुदनी। शाहगंज थाना क्षेत्र में एक युवक पर दातरा और डंडे से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार घटना 24 मई की रात करीब 10:30 बजे की बताई जा रही है। शिकायतकर्ता अपने घर के सामने रास्ते में खड़ा था, तभी पड़ोसी युवक वहां पहुंचा और विवाद करने लगा। विरोध करने पर आरोपी कथित रूप से घर की छत से नीचे आया और हाथ में दातरा लेकर हमला कर दिया।

टीएल बैठक

आगामी ईद-उल-जुहा पर्व पर जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के कलेक्टर के निर्देश

विद्युत संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के कलेक्टर ने दिए निर्देश, निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने पर जोर

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर में कलेक्टर बालमुरुगन के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई, जिसमें समय-सीमा वाले प्रकरणों और लंबित शिकायतों की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल और बिजली व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जल संकट से जुड़ी शिकायतों का तत्काल निराकरण किया जाए और प्रभावित क्षेत्रों में वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि आमजन को किसी तरह की परेशानी न हो।

कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्युत संबंधी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाए तथा गर्मी के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखी जाए। उन्होंने ट्रांसफार्मर बंद को 24 घंटे सक्रिय रखने, ट्रांसफार्मर खराब होने या लाइन फाल्ट की स्थिति में तत्काल मरम्मत करने और बिजली बंद होने की स्थिति में आमजन को पूर्व सूचना देने के निर्देश दिए।

आगामी ईद-उल-जुहा को लेकर कलेक्टर ने जिला कलेक्टर और पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रूप से क्षेत्र भ्रमण कर फूलप्रूफ व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही सफाई, पेयजल, बिजली और यातायात जैसी मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा।

बैठक में खाद वितरण, राशन व्यवस्था, आर्म आईडी निर्माण, भूमि आवंटन और कार्यालयवार कार्यों की भी समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को खाद वितरण केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने और किसानों को ई-टोकन के माध्यम से व्यवस्थित खाद वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

विद्यार्थियों को दी गई कॉलेज एवं डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश की जानकारी

डीआर संवाददाता»सीहोर

कलेक्टर श्री बालमुरुगन के. एवं जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव के निर्देशानुसार शिवपुंज 20 मार्च के अंतर्गत विद्यार्थियों को कॉलेजों एवं डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश प्रक्रिया का उचित मार्गदर्शन देने और उन्हें आगे की शिक्षा जारी रखने हेतु प्रेरित करने के लिए जिले के सभी शासकीय सरकारी स्कूलों में शिवापुंज शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में कक्षा 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को डिप्लोमा कोर्स एवं कक्षा 12 उत्तीर्ण विद्यार्थियों को कॉलेज की प्रवेश प्रक्रिया एवं कोर्स चयन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आडट प्राचार्य डॉ अनिता बलमुरुगन ने बताया इस कार्यक्रम का उद्देश्य पॉलिटेक्निक, आईटीआई और उच्च शिक्षा के बारे में विद्यार्थियों को सही जानकारी देना और उन्हें आगे की शिक्षा के लिए प्रेरित करना है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 11 – 2083 सीहोर, दिन बुधवार, दिनांक 27 मई 2026

न्यूज गैलरी

गंगा दशहरा पर माता मंदिर में हुआ कन्या भोज

जावर। मंगलवार को गंगा दशहरा पर धार्मिक आयोजन किए गए। कई लोग पवित्र नदियों में स्नान करने पहुंचे तो कई जगह पर कन्या भोजन का आयोजन हुआ। माता मंदिर के पुजारी दत्त प्रसाद ने बताया कि मंगलवार को गंगा दशहरा के अवसर पर मां महिषासुर मर्दिनी के दरबार में कन्या भोजन का आयोजन किया गया था। इसमें नगर की बालिकाओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। इसके पहले मातारानी की पूजा आरती की गई। क्षेत्र में सुख समृद्धि व अच्छी बारिश की कामना को लेकर प्रतिवर्ष माता मंदिर में कन्या भोजन का आयोजन किया जाता है। मंगलवार को गंगा दशहरा के अवसर पर श्रद्धालु पवित्र नदियों के घाटों पर पहुंचे और स्नान कर पूजा आरती की। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि लोग नेमावर भी स्नान करने नर्मदा घाट पर पहुंचे थे।

भाईचारे के साथ मिलजुल कर मनाए पर्व रू पांडे

जावर। ईद उल अजहा को लेकर सोमवार की शाम को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें आपसी भाईचारे के साथ मिलजुल कर बकरीद का पर्व मनाने की अपील की। बैठक में थाना प्रभारी हेमंत पांडे ने बकरीद पर्व पर होने वाले आयोजन की विस्तृत जानकारी गुरिल्ला समाज के लोगों से ली। श्री पांडे ने कहा कि सार्वजनिक जगहों पर कुर्बानी देने पर रोक है। इस बात का ध्यान रखा जाए कि गोवंश की कुर्बानी नहीं दे और कुर्बानी के बाद नंदगी न फैलाए। सभी लोग मिलजुलकर पर्व को शांति भाईचारे के साथ मनाएं। इस मौके पर तहसीलदार ओमप्रकाश सोलंकी ने कहा कि सभी लोग लोहार को शांति व मिलजुलकर मनाएं और शासन प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन अवश्य करें।

सिद्दीकी को मानव सेवा सम्मान से सम्मानित किया

जावर। सामाजिक सद्भाव विशेषज्ञ जावेद धर्म संस्कृति और भाषा के लोगों में आपसी प्रेम भाईचारे और समानता के क्षेत्र में कार्य कर रहे डॉ. मो. अकमल सिद्दीकी का भोपाल में आयोजित समारोह में अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार न्यायिक सुरक्षा परिषद द्वारा राज्य स्तरीय मानव सेवा सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति जिला न्यायाधीश इकबाल खान गोरी तथा विशिष्ट अतिथि एम. डब्लू. अंसारी पूर्व पुलिस महानिदेशक भोपाल नियाजअहमद मंसूर प्रदेश अध्यक्ष, हाजी अब्दुल जब्बार खान जिला अध्यक्ष, एजाज मलाक मौजूद थे।

ईद सद्भाव, प्रेम का संदेश देती है, मिलकर मनाएं

बैरूंया। ईद पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने के लिए मंगलवार शाम 6 बजे थाने में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में एसडीओपी रोशन जैन, एसडीएम सुधीर कुमार कुशवाह, तहसीलदार लोकेश शर्मा, सीएमओ रामप्रसाद भावर, थाना प्रभारी घनश्याम दांगी, बिजली विभाग के अधिकारी शामिल हुए। अफसरों ने लोगों से त्योहार के दौरान भाईचारा बनाए रखने की अपील की। शांति बनाए रखने पर जोर दिया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों सुझावों पर चर्चा हुई। प्रशासन ने कहा कि ईद सद्भाव, प्रेम का संदेश देती है। सभी लोग मिलकर त्योहार मनाएं। अफवाहों पर ध्यान न दें। नगर की साफ–सफाई, पेयजल, बिजली, सुरक्षा व्यवस्था पर भी बात हुई।

निरीक्षण

साधु-संतों ने देखी खोड़ापति हनुमान मंदिर और तालाब के विकास कार्य

प्रतिनिधि ने धार्मिक स्थल के विकास कार्यों की कार्ययोजना से कराया अवगत

डीआर संवाददाता»आष्टा

नगर के प्राचीन और ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार एवं सुदृढ़ीकरण की दिशा में नगर पालिका द्वारा तेजी से कार्य किया जा रहा है। महामंडलेश्वर एवं मां अन्नपूर्णा मंदिर के प्रमुख महंत दीपकदास त्यागी महाराज के पावन सानिध्य में नगराध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पार्षदों की टीम ने प्राचीन धार्मिक स्थल श्री हनुमान जी महाराज खोड़ापति तालाब पर किए गए विभिन्न विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर ने किए गए कार्यों की सराहना की और पूरी टीम को अपना मंगलमय आशीर्वाद प्रदान किया। निरीक्षण के दौरान नगराध्यक्ष प्रतिनिधि राजसिंह मेवाड़ा ने महाराजश्री को धार्मिक स्थल के आगामी चरण के विकास कार्यों की विस्तृत कार्ययोजना से अवगत कराया। महाराजश्री ने पूरी कार्ययोजना को ध्यान से सुनकर और क्षेत्र की ऐतिहासिक महत्ता को बनाए रखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधाओं को प्राथमिकता देने का अपना बहुमूल्य मार्गदर्शन दिया।

विकास कार्यों की मुख्य झलकियां

नगराध्यक्ष प्रतिनिधि राजसिंह मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि खोड़ापति मंदिर नगर का प्राचीन मंदिर है, जिससे नगर के हजारों श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी है। यहां पर्यटकों के आने की संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन आते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नगरपालिका द्वारा सुंदर सर्वसुविधायुक्त शौचालय का निर्माण कराया गया, वहीं पत्रि में अंधेरा दूर करने के लिए हाई मास्ट लाईट भी स्थापित की गई।

खोड़ापति तालाब सुंदर दर्शनीय स्थल के रूप में होगा विकसित

श्री मेवाड़ा ने बताया कि पूर्व में खोड़ापति मार्ग सापी गांव था, जिसका सौंदीकरण कर उसे मार्ग को सुव्यवस्थित किया जा रहा है। वहीं तालाब की पाल को मजबूत करने के लिए पत्थरों से चिनिन कार्य भी किया जा रहा है। नागरिकों की सुविधा के लिए तालाब के आसपास लोहे के पाईप की रेलिंग लगाई गई है। श्री मेवाड़ा ने कहा कि नगरपालिका द्वारा आगामी कार्ययोजना में इस तालाब को सुंदर दर्शनीय स्थल का स्वरूप देने के लिए पूर्ण प्रयास किया जा रहा है। जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को एक दिव्य और सुगठित वातावरण मिल सके। इस अवसर पर नगरपालिका प्रतिनिधि राजसिंह मेवाड़ा, थाना प्रभारी गिरीश दुबे, भाजपा जिला महामंत्री तारा कटारिया, पार्षद जमलेश जैन, रवि शर्मा, तेजसिंह राठौर, सफल हिन्दू समाज अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाह, मनीष सोनर, देवाकरण पहलवान सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

आरोप , 0.080 हेक्टेयर जमीन काट-छांटकर रजिस्ट्री में जोड़ी

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर इछावर तहसील के फतेगिया गांव निवासी हीरालाल ने एक व्यक्ति पर फर्जी रजिस्ट्री कराने का आरोप लगाया है। हीरालाल से मुताबिक उसने अपनी जमीन खसरा नंबर 8852 रकबा 0.242 हेक्टेयर और सर्वे नंबर 8854 रकबा 0.341 हेक्टेयर, कुल 0.583 हेक्टेयर बेची थी।

आरोप है कि उस व्यक्ति ने इसी रजिस्ट्री की आड़ में सर्वे नंबर 8851 रकबा 0.080 हेक्टेयर जमीन की काट–छांट कर रजिस्ट्री में जोड़ दी। हीरालाल का कहना है कि जबकि यह जमीन उसके नाम पर दर्ज ही नहीं थी। खसरा खतौनी में भी उसका नाम नहीं था। आरोप है कि बिना भुगतान किए फर्जी तरीके से अपने पक्ष में विक्रय प्रतिपादन करा लिया गया। शिकायत में कहा गया है कि उसी समय हल्का पटवारी से मिलकर नामांतरण भी करा लिया गया। मामले में हीरालाल ने जनसुनवाई में शिकायती आवेदन दिया था। हीरालाल ने फर्जी नंबरीकरण, विक्रय पत्र में काट–छांट, अवैध रिकॉर्ड दुरुपयोग में दोषी कर्मचारियों और संबंधित लोगों पर एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही के निर्देश देने की मांग की है।

हंपर का ताला खोलते समय घपेट में आए युवक की मौत

बैरूंया। थाना क्षेत्र अंतर्गत हंपर का ताला खोलते समय एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज जांच शुरू कर दी है। घटना मंगलवार दोपहर करीब उस्तरा बजे की बताई जा रही है।

मृतक की पहचान शिवदत्त दुबे पिता देवी प्रसाद दुबे उम्र 32 वर्ष निवासी तिलवर के रूप में हुई है। बताया गया है कि हंपर का ताला खोलते समय दुर्घटना होने से शिवदत्त दुबे गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरूंया लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना रोहियारी मेकेश्वर से मार्ग थाना पेटेरिया पंचार द्वारा पुलिस को दी गई।

चर्च मैदान पर ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता सीहोर मिनी ने डीएसवायडब्ल्यू को 2-0 से हराया

डीआर संवाददाता»सीहोर

शहर के चर्च मैदान पर प्रतिभाओं को मंच देने के लिए जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वावधान में 85 द्वितीय निशुल्क फुटबाल समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा मैदान पर ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार की शाम को डीएसवायडब्ल्यू फुटबाल टीम और सीहोर मिनी के मध्य मुकाबला खेला गया। इसमें मिनी ने 2-0 से शानदार जीत हासिल की। इस मौके पर एसोसिएशन के सचिव मनीष कन्नौजिया सहित अन्य खिलाड़ियों ने उत्साहवर्धन किया।

एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी शिवांशु दीक्षित ने बताया कि सीहोर मिनी ने डीएसवायडब्ल्यू को 2-0 से हराया। इस मैच में सीहोर मिनी की ओर से जगदीश और राज ने 1-1 गोल किया।

कपड़े का दाग धुल जाता, चरित्र का दाग नहीं, मोहितराम पाठक

डीआर संवाददाता»सीहोर

पुरुषोत्तम महा के मौके पर ग्राम रहल नोगरा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास मोहितराम पाठक ने कहा कि कपड़े पर लगा दाग पानी, साबुन से साफ हो जाता है। चरित्र पर लगा दाग कई जन्मों तक नहीं धुलता।

उन्होंने कहा कि पुण्यफल में ज्ञान, वैराग्य, भक्ति मुक्ति के लिए श्रीमद् भागवत कथा का पाठ करना। इससे ज्ञान, भक्ति, वैराग्य का दुख दूर हुआ। उन्होंने कहा कि सभी लोग ज्ञान, भक्ति, वैराग्य के जरिए भक्ति को मार्ग पर चलें। समाज से ऐसा प्रयास करें कि महिला पर कोई दाग न लगे। तभी समाज सुधार सार्थक होगा। मोहितराम पाठक ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा मानव जीवन को ज्ञान, भक्ति, वैराग्य से भर देती है। मृत्यु के बाद मुक्ति का द्वार खोल देती है। उन्होंने कहा कि हर सनातनी को जीवन में श्रीमद् भागवत कथा की शरण लेकर मानव जीवन का उद्धार करना चाहिए। कथा में राजा परिक्षित ने धर्म, गौ माता की रक्षा के लिए प्राण स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए गौ माता की रक्षा, सेवा के लिए श्रीमद् भागवत कथा, सनातन धर्म की शरण लेनी चाहिए।

कार की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल

बुदनी। बुदनी से एनएच–46 नागपुर भोपाल हाईवे पर कालापुर बिसाल वन विभाग चौकी के सामने सड़क हादसे में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। शनिवार जिले के गंगदेहरा बीट निवासी रामगोपाल, उनके साले ओमप्रकाश और साली हेमलता शाहगंज से कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। शाम करीब 5:30 बजे पीछे से आ रही कार क्रमांक एमपी 05 सीबी 3101 ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। कार चालक रामगोपाल को उपचार के लिए बुदनी अस्पताल लेकर पहुंचा।

सीएमएचओ ने केंद्र का किया निरीक्षण

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार खेलिया ने ग्राम गोगरा के उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के अंतर्गत आयोजित टीकाकरण शिविर सभी बच्चों का समय पर टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने टीकाकरण रजिस्टर के साथ ही वैक्सीन उपलब्धता की जानकारी ली और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस मनाया जाता है, जिसमें गहन शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं। जिले में 26 मई को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 857 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 494 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 220 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

सभी किसानों से फार्मर रजिस्ट्री कराने की अपील

डीआर संवाददाता»सीहोर

कलेक्टर श्री धवलकुश जी के निर्देशानुसार जिले में किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए फार्मर रजिस्ट्रीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। कलेक्टर श्री धवलकुश जी ने रजिस्ट्री अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कोई भी किसान फार्मर रजिस्ट्री से न छूटे। उन्होंने कहा है कि फार्मर आईडी केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह किसानों को योजनाओं से जोड़ने का प्रमुख माध्यम है। इसका सर किसान तक लाभ पहुंचना अनिवार्य है।

सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य तेजी से किया जा सके इसके लिए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अलावा घर–घर जाकर भी किसानों की फार्मर आईडी बनाई जा रही है। इन शिविरों में ग्राम पंचायतों, कृषक मित्रों और राजस्व एवं कृषि विभाग के कर्मचारियों द्वारा किसानों की फार्मर रजिस्ट्री के साथ–साथ उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया जा रहा है ताकि किसी भी किसान को असुविधा न हो। कलेक्टर श्री धवलकुश जी ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे आयोजित शिविरों में पहुंचकर अपनी फार्मर आईडी बनवाएं ताकि किसानों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिल सके।

गंगा दशहरा पर कुबेरेश्वरधाम में 501 पौधों का रोपण, पर्यावरण संरक्षण का संदेश

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर के पिपरालिया हेमा स्थित निर्माणाधीन कुबेरेश्वर महादेव एवं सुरती मनोहर मंदिर परिसर में गंगा दशहरा के अवसर पर पौधारोपण अभियान चलाया गया। अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के निर्देश पर विठ्ठलेश सेवा समिति द्वारा मंदिर परिसर में 501 से अधिक पौधे लगाए गए। इस दौरान पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला, अमीश डगी और आकाश शर्मा सहित कई लोगों ने भाग लिया।

समिति ने आगामी दिनों पर्यावरण दिवस के अवसर पर भी बड़े स्तर पर पौधारोपण और नियुक्त पौधा वितरण अभियान चलाने की योजना की है। समिति शहर और आसपास के क्षेत्रों में 10 हजार से अधिक पौधों के रोपण और वितरण का लक्ष्य लेकर कार्य कर रही है।

मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पीपल, बरगद, नीम, अशोक, अर्जुन और जामुन जैसे पौधों का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण के बीच अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित रखना जरूरी है। इससे पहले मंदिर परिसर में 'डीन किलबर्ग थीम पर' द्वारा ज्योतिर्लिंग गार्डन भी विकसित किया गया था।

शुभारंभ

राजस्व मंत्री ने ग्राम कांकड़खेड़ा में तालाब सुदृढ़ीकरण कार्य का किया शुभारंभ

जल संरक्षण केवल वर्तमान की आवश्यकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार है - राजस्व मंत्री

डीआर संवाददाता»सीहोर

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत इछावर तहसील के ग्राम कांकड़खेड़ा में तालाब के सुदृढ़ीकरण कार्य का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री श्री कल्याणसिंह वर्मा ने इस कार्य का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि जल संरक्षण केवल वर्तमान की आवश्यकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार है। उन्होंने कहा कि गांवों में तालाब, कुए और बावड़ियां जल का प्रमुख स्रोत होते हैं, जिनसे लोगों की दैनिक जरूरतें पूरी होती हैं तथा भूजल स्तर भी समृद्धित बना रहता है। वर्तमान के कम होते जल स्तर के कारण इन जल स्रोतों का संरक्षण एवं पुनर्जीवन अत्यंत आवश्यक हो गया है। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि जल की प्रत्येक बूंद अनमोल है और इसके संरक्षण के लिए समाज से हर वर्ग को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। उन्होंने कहा कि केवल सरकारी प्रयासों से जल संरक्षण का लक्ष्य पूरा नहीं किया जा सकता, इसके लिए जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। यदि गांव–गांव में तालाबों की सफाई, गहरीकरण, वर्षा जल संचयन तथा जल संरक्षणों के संरक्षण के कार्य लगातार किए जाएं, तो भविष्य में पेयजल और सिंचाई की समस्या को रोका जा सकता है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेशभर में जन आंदोलन का रूप ले चुका है। इस अभियान के माध्यम से नदियों, तालाबों, कुओं एवं अन्य जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित रखने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं, ताकि आने वाली पीढ़ियों को जल संकट जैसी गंभीर परिस्थितियों का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर इछावर नगर परिषद अध्यक्ष श्री देवेंद्र वर्मा, श्री पंकज गुप्ता, श्री सैलाश सुराना, एसडीएम सोमवारी तहसीलदार जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री मनोज सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

उड़ान क्रिकेट अकादमी ब्लू ने रेड को 6 विकेट से हराया

डीआर संवाददाता»सीहोर

शहर के बीएसआई मैदान पर एकलव्य क्रीकेटिंग क्लिकेट लीग प्रतियोगिता 2026 के अंतर्गत मंगलवार को उड़ान क्रिकेट अकादमी ब्लू ने रेड को 6 विकेट से हराया। इस मैच में ब्लू की ओर से शिवांश पटीदार ने 21 रन की विस्फोटक पारी खेली। इसके अलावा साई नमन ने 27 गेंद पर 34 रन, देव बीहान ने 30 रन बनाए थे। इस मौके पर अकादमी के कोच अबुल कुशवाहा ने हरफनमौला खिलाड़ी शिवांश पटीदार को मैन आफ द मैच प्रदान किया।

सुबह पहले बल्लेबाजी करने उतरी उड़ान क्रिकेट अकादमी रेड ने 314 ओवर में 10 विकेट खोकर 159 रन बनाए थे। इसमें शिवकुमार बैसल ने 54 गेंद पर 45 रन, लक्ष्य ने 24 रन और शुभम गौहान ने 19 रन की पारी खेली। वहीं रेड की ओर से गेंदबाजी करते हुए शिवांश पटीदार ने 2 विकेट, अराध अर्जुन जैन, सोमित शर्मा, आर्यव ने 1-1 विकेट हासिल किए। लीग के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि लक्ष्य का पीछा करने उतरी उड़ान क्रिकेट अकादमी रेड ने

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष–11,2082 | विदिशा, दिन बुधवार,दिनांक 27 मई ,2026

न्यूज गैलरी

303 आवेदन आए 193 का मौके पर निराकरण

विदिशा। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में 303 आवेदकों ने विभिन्न समस्याओं से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने गंभीरता से सुनवाई करते हुए 193 मामलों का मौके पर ही समाधान कराया। राजस्व, पेंशन, भूमि विवाद, आवास, खाद्यान्न गड़बड़ी, सीमांकन और अतिक्रमण से जुड़े मामलों में अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संठ सलर्थ अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समस्याओं के त्वरित निराकरण से नागरिकों में संतोष और प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा।

द्वारका-सोमनाथ के लिए 196 यात्री आज जाएंगे

विदिशा। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत जिला विदिशा से 196 तीर्थयात्री बुधवार 27 मई को स्पेशल ट्रेन से द्वारका-सोमनाथ यात्रा के लिए रवाना होंगे। एसडीएम श्री प्रतिपाल शर्मा ने बताया कि यात्रियों की सुविधा हेतु विदिशा रेलवे स्टेशन पर विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। विभिन्न तहसीलों के यात्रियों को टिकट वितरण के लिए 11 काउंटर बनाए गए हैं, जहां तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं राजस्व अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी अधिकारियों को सुबह 11 बजे तक ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। यात्रा पूरी कर तीर्थयात्री 2 जून को विदिशा लौटेंगे।

गंगा दशहरा: आमखेड़ा में निकली कलश यात्रा

विदिशा। नमः जल अभियान परिषद के जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गंगा दशहरा पर खामखेड़ा गांव में नवांकुर संस्था खामखेड़ा बालाजी सेवा समिति द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। महिलाओं और बालिकाओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ तालाब से जल भरकर गांव के विभिन्न मार्गों से यात्रा निकाली और भगवान शिव मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को जल संरक्षण और पारंपरिक जल स्रोतों के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर जिला समन्वयक पूजा श्रीवास्तव, संस्था अध्यक्ष विनोद बघेल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुनीता रैकवार, शशिकिरण विनोद रैकवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

मानोरा में प्राचीन कुएं की हुई साफ-सफाई

विदिशा। सर्मर्थ जन सेवा समिति मानोरा द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मनोरा में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत गांव के प्राचीन कुए की साफ-सफाई कर जल स्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके बाद महिलाओं, युवकों एवं ग्रामीणों की सहभागिता से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें जल बचाने और प्राकृतिक स्रोतों के संरक्षण का संदेश दिलाई गई। कार्यक्रम में समिति पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। आयोजन का उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा।

24 घंटे में मिली मासूम परिवार में लौटी खुशी

विदिशा। हैदराबाद पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत 9 वर्षीय गुमशुदा बालिका को 24 घंटे के भीतर सकुशल खोज निकाला।

.जन समस्याओं को लेकर कांग्रेस का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

जल समस्या, उखड़ी सड़कें, खाद संकट और बढ़े टैक्स के विरोध में कांग्रेसियों ने सरकार को घेरा

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

जल समस्या, उखड़ी सड़कें, खाद संकट और बढ़े टैक्स के विरोध में मंगलवार को कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर सरकार को घेरने का प्रयास किया।

जन समस्याओं को लेकर किए जा रहे प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष महिपत रघुवंशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राजस्व और नगरपालिका के खिलाफ नारेबाजी करते हुए डिप्टी कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि अमृत जल योजना के तहत करोड़ों रुपये खर्च कर पाइप लाइन और पानी की टंकियां बनाई गई, लेकिन शहर के कई वार्डों में आज भी लोगों को नेपथल संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका केवल टैक्स वसूली पर ध्यान दे रही है, जबकि नागरिक सुविधाओं की उपेक्षा की जा रही है। कांग्रेस ने कचरा टैक्स और नगर पालिका दुकानों के टैक्स में बढ़ोतरी की

विदिशा। नारेबाजी करते हुए कांग्रेसियों ने ज्ञापन शॉपकर प्रशासन को दी चेतावनी।

जनता पर आर्थिक बोझ बताया। नेताओं का आरोप था कि कई गरीब परिवारों से जिनका वार्षिक रंगलिकर मात्र 150 रुपए है, उनसे भी 960 रुपए कचरा शुल्क वसूला जा रहा है। जबकि कई मोहल्लों में कचरा वाहन नियमित रूप से नहीं पहुंच रहे। ज्ञापन में खस्ताहाल से पहले शहर की टूटी सड़कों के निर्माण तथा नाले-नालियों की सफाई कराने की मांग की गई है, ताकि बारिश के दौरान घरों और दुकानों में पानी भरने की समस्या न हो। किसानों की समस्याओं को उठाते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि स्लॉट बुक होने के बाद भी किसानों को उपग्रा ट्रांसड़ के लिए टोकन नहीं मिल रहे हैं। साथ ही खरीफ बीजन के लिए पर्याप्त मात्रा में डीएपी और यूरिया उपलब्ध कराने तथा नूरा की समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू करने की मांग की गई। कांग्रेस ने इस विरोध पर भी बिना टेंडर प्रक्रिया के गोदामों सहित रुपवंशी लुवाई के नाम पर फर्जी बिल लगाकर करोड़ों रुपए के भुगतान का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रदर्शन में रणवीर सिंह ठाकुर, सुरेश

कहा- धरातल पर नहीं दिख रहा काम

कांग्रेस नेताओं ने सड़कों के टेंडर होने और करोड़ों रुपए स्वीकृत होने के दावों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि धरातल पर कहीं काम दिखाई नहीं देता। इसके अतिरिक्त, बरसात से पहले ही शहर और नगर परिषदों की नालियां कचरे से भरी पड़ी हैं, जिससे जलभराव और बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। ज्ञापन में जल संकट को भी एक प्रमुख मुद्दा बनाया गया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि डीजल वितरण और टैंकर संचालन के नाम पर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है, जबकि कई वार्डों और कॉलोनियों में लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। जिला अध्यक्ष महिपत रघुवंशी ने कहा कि जिले में पांच विधायक और दो सांसद होने के बावजूद अफसर चमन पर है। कोदरा, लक्ष्मणसिंह रघुवंशी, रोशन विक्रमसिंह, इंदरसिंह यादव, रवि साहू, प्रियंका किराड़, आशीष माहेश्वरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दबंगों से प्रताड़ित परिवारों ने लगाए यह मकान बिकाऊ है के फ्लैक्स,

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

मंगलवार को सिरोंज तहसील के उनारसीतल और बरखेड़ाखास गांव के दलित बस्तियों में जिला मुख्यालय आकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

एक सप्ताह के लोगों द्वारा घरों में घुसकर मारपीट, धमकी, जमीनों पर कब्जे, घरों का सामान बाहर फेंकने की शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ितों ने ज्ञापन सौंपकर कहा कि गांव में रहने की परिस्थितियां लगातार असुरक्षित होती जा रही हैं, जिसके कारण कई परिवार घर बेचकर पलायन करने को मजबूर हैं। सकुल बाई कुशवाह, मनोती बाई अहिरवार, कलबाई

मकान बिकाऊ

अहिरवार, सनूरा सिंह अहिरवार, फूल सिंह अहिरवार, कमल सिंह और राजेश अहिरवार सहित ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कुछ दबंग लगभग आए दिन गाली-गलौज, धमकी और मारपीट जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं। महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार और घरों में तोड़फोड़ किए जाने की शिकायत भी ज्ञापन में दर्ज कराई गई है।

करते हैं जानलेवा हमला

पूर्व सरपंच राकेश किराड़कर अहिरवार ने बताया कि उन पर तीन बार हमला हो चुका है। ग्रामीणों के अनुसार, वर्ष 2009 से अब तक कई मारपीट और हमले के मामले थाना चंपीयां एवं अंबानगर चौकी में दर्ज हुए, लेकिन आरोपियों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। आरोपियों ने शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे किए गए हैं तथा विरोध करने वालों को धमकाया जाता है। ग्रामीणों ने इसी मानवाधिकारों और सामाजिक न्याय का गंभीर उल्लंघन बताते हुए प्रशासन से निष्पक्ष जांच और नसीम गौरी, किरोज गौरी, अकरीम गौरी, अलमी गौरी, फारूख गौरी पर कार्रवाई की मांग की है।

रेप केस में पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

कलेक्ट्रेट परिसर की जनसुनवाई में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब नटेरन तहसील से आई एक दुष्कर्म पीड़िता ने न्याय न मिलने का आरोप लगाते हुए अचानक खुद पर पेट्रोल डाल लिया। महिला के आत्मदाह कदम उठाते ही मौके पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई। राहत की बात यह रही कि उस समय कलेक्टर के गुर्दे पर ज्ञापन देने पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुस्तैदी दिखाई।

उन्होंने महिला को जमीन पर गिराकर होने से बचा लिया। घटना के तुरंत बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष महिपत रघुवंशी और अन्य कार्यकर्ताओं ने पीड़िता और उसके पति के साथ मुलाकात की। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसडीपी ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच और त्वरित कार्रवाई का ठोस आश्वासन दिलाया। पीड़िता महिला का आरोप है कि उसके साथ 18 नवंबर 2025 को दुष्कर्म की घिनौनी वारदात हुई थी। महिला

चालान कोर्ट में पेश, मामला विचाराधीन

इस मामले में नटेरन टीआई मोहनसिंह मंडोलिया ने कहा कि महिला द्वारा लगाए गए आरोप सही नहीं हैं। नियमानुसार पीड़िता और आरोपी, दोनों का मेडिकल परीक्षण कराया गया था। पुलिस ने पूरी निष्पक्षता से जांच पूर्ण की। मामले का चालान न्यायालय में पेश कर दिया गया है। चूंकि मामला अब अदालत के विचाराधीन है।

नहर सुधार का आवेदन अफसर ने फाड़ा, लोगों ने किया हंगामा

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

कलेक्ट्रेट परिसर में उस समय भारी हंगामा खड़ा हो गया, जब सिंचाई विभाग के एक अधिकारी ने ग्रामीणों द्वारा लाया गया विकासपरी आवेदन फाड़ दिया। घटना से आक्रोशित किसान कलेक्ट्रेट में इकट्ठा कर कलेक्टर के पास पहुंचे लगे। तहसीलदार प्रीती पंथी ने ग्रामीणों की बात सुनी।

उन्होंने उन्हें शांत कराया। बरखेड़ा ग्राम पंचायत क्षेत्र के एक दर्जन से सिंचाई के पिछले एक दशक से किसानों के

पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए ग्रामीण नहरों की साफ-सफाई और रखरखाव की मांग को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे। ग्रामीणों को देखकर जल संसाधन विभाग के एसडीओ शरीफ खरे उनके पास आए। उन्होंने उन्हें बाहर ले गए। एसडीओ ने नाराजगी जताते हुए कहा, "अब मैंने एडीएम के आवेदन पर शांत हुए किसान

मामले को भिगड़ता देख तहसीलदार प्रीती पंथी ने कमान संभाली। उन्होंने किसानों के दो प्रतिनिधियों को एडीएम अनिल डागोर से मिलवाया। एडीएम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करने का भरोसा दिया। उन्होंने नहरों की जल्द से जल्द सुधरवाने का भी आश्वासन दिया। इसके बाद किसान शांत हुए। इस दौरान सुशील शर्मा, बेनीराम, गणेशराम, रवि महेश सहित एक दर्जन ग्रामीण मौजूद रहे।

काम करवाने को बोल दिया था, तो यहां ज्ञापन देने क्यों आए? ग्रामीणों ने घटनाक्रम बताया कि अभी तक जमीन पर कोई काम नहीं हुआ है। इसके बाद अधिकारी और किसानों के बीच तीखी बहस हो गई। इसी बीच आक्रोश में आकर अफसर ने ग्रामीणों का आवेदन फाड़ दिया।

मानोरा ग्राम में जल संरक्षण व संवर्धन पर कार्यक्रम आयोजित गांव के प्राचीन हुए को किया साफ-स्वच्छ

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

सर्मर्थ जन सेवा समिति मनोरा द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मनोरा में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत गांव के प्राचीन कुए की साफ-सफाई कर जल स्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके बाद महिलाओं, युवकों एवं ग्रामीणों की सहभागिता से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें जल बचाने और प्राकृतिक स्रोतों के संरक्षण का संदेश दिलाई गई। कार्यक्रम में समिति पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। आयोजन का उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा।

मंदिर में दर्शन करने निकला अभिराज, 'नहाते समय खेत तालाब में डूबा, मौत

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

रायसेन रोड स्थित एक खेत तालाब में नहाते समय मोबाइल के एनआरआई कॉलेज के छात्र की डूबने से मौत हो गई। वहीं, घाट पर नर्मदा नदी में एक युवक लापता हो गया। परिजनों ने देर शाम एक लाश पाई। रायसेन की अभिराज वॉशोनी निवासी अभिराज लोधी (21), पिता नरेश लोधी, मंगलवार दुपहर लगभग 11 बजे घर से निकले थे। रायसेन का ये दोस्तों के साथ मेहगांव मंदिर दर्शन करने जाने की बात कही थी। मंदिर में दर्शन के बाद वह गर्मी के कारण अभिराज और उसके दोस्तों ने एनएच-146 रायसेन रोड किनारे स्थित खेत तालाब में नहाने का निर्णय लिया।

नहाने के दौरान अभिराज गहरे पानी में चला

बताया घाट पर नर्मदा में दुपहर लगभग 1 बजे, बेतवा घाट सिध्दा नर्मदा नदी में नंगलवार को नहाने के दौरान एक युवक गहरे पानी में डूब गया। युवक की पहचान प्रिंस शर्मा (21), पिता दीनदयाल शर्मा, निवासी ग्राम सौंसोय, तहसील ग्यारसपुर, जिला विदिशा के रूप में हुई है। वह अपने साथियों के साथ नर्मदा में नहाने गया था। अचानक गहरे पानी में जाने से वह लापता हो गया। सूचना पर थानाधीन सहडावन और तैराक दल मौके पर पहुंचा। देर शाम तक तलाशी अभियान जारी रहा।

वह डूबने लगा। दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह पानी में गया गया।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पंखे से लटका हुआ मिला शव

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा



आवासीय कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय पवन धनक पुत्र रमेश धनक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार सुबह करीब छह बजे उसकी छोटी बहन ने खिड़की से देखा कि पवन कमरे में पंखे से लटका हुआ है। उसने तुरंत पिता को आवाज लगाई। परिवार ने बेट तोड़कर अंदर देखा तो पवन की मौत हो चुकी थी। परिजनों के अनुसार पवन कुछ दिन पहले 30 दिनों तक घर से लापता था, बाद में मौत

घाट के पास मिलने की सूचना पर पिता उसे घर लेकर आए थे। घटना की रात वह देर तक मोबाइल चला रहा था। छोटा भाई मेडिकल कॉलेज में भर्ती होने से मां वहीं थी। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने जांच के बाद पवन को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही विदिशा लाइन थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले की जांच प्रारंभ की।

कचरा प्रबंधन पर्यावरण अधिनियम 2026 की अनदेखी से बढ़ता जा रहा प्रदूषण

केंद्र सरकार के नियमों की अनदेखी, कचरा प्रबंधन में नहीं हो रहा नियम का पालन,

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा नगर में पर्यावरण संरक्षण संबंधी नियमों की लगातार अनदेखी किए जाने से प्रदूषण की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। नागरिकों का आरोप है कि एक अप्रैल 2026 से लागू पर्यावरण (संरक्षण) कोष नियम-2026 के बावजूद नगर में ठोस कचरा प्रबंधन व्यवस्था प्रभावी रूप से लागू नहीं हो पाई है। डॉक्टर सुरेश गर्ग ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के तहत अब कचरा पृथक्करण के लिए चार रंगों के कचरादान निर्धारित किए गए हैं। इनमें गीले, सूखे, जैविक और अन्य अपशिष्ट को अलग-अलग संग्रहित करने का प्रावधान है। नियमों के उल्लंघन पर जुर्माने और दंड की व्यवस्था भी की गई है। इसके बावजूद नगर के अधिकांश क्षेत्रों में सार्वजनिक कचरादान दिखाई नहीं देते और सड़कों व खाली स्थानों पर कचरे के ढेर लगे रहते हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगरपालिका द्वारा घर-घर से कचरा संग्रहण तो किया जाता है, लेकिन निकाले गए कचरा खुले स्थानों पर जमा होकर खुलेआम जला दिया जाता है। जबकि गंभीर समस्या यह है कि सफाई कर्मचारियों द्वारा कई स्थानों पर एकत्रित कचरे में आग लगाकर उसे नष्ट किया जा रहा है। इससे बड़ी मात्रा में प्लास्टिक भी शामिल रहता है। विशेषज्ञों के अनुसार प्लास्टिक जलाने से कार्बन डाइऑक्साइड, डाइऑक्सिन, फ्यूरॉन और कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी जहरीली गैसें निकलती हैं, जो मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए अत्यंत घातक हैं। अनुमान है कि नगर में प्रतिदिन बड़ी मात्रा में प्लास्टिक जलाया जा रहा है। नागरिकों ने नगर पालिका और संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि शहर में पर्याप्त कचरादान और बड़े कंटेनर लगाए जाएं, कचरा जलाने पर रोक लगे तथा पर्यावरण नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए।

भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मरों को बचाने कूलरों का सहारा, तापमान पहुंचा खतरे के स्तर पर

डीआर संवाददाता ✍ गंजबासौदा

क्षेत्रीय में भीषण और भीषण गर्मी का असर अब बिजली व्यवस्था पर भी साफ दिखाई देने लगा है। बढ़ते तापमान के कारण बिजली घर स्टेशन के ट्रांसफार्मर अत्यधिक गर्म होकर खतरे के निशान तक पहुंच गए हैं। स्थिति को नियंत्रित करने और संभावित आगजनी से बचाने के लिए बिजली कंपनी ने ट्रांसफार्मरों के पास बड़े कूलर लगाए हैं, जिनसे लगातार ठंडी हवा दी जा रही है।

जानकारी के अनुसार 5 डट। क्षमता वाले ट्रांसफार्मरों का सामान्य ऑपरेटिंग तापमान 25 से 30 डिग्री सेल्सियस होना चाहिए, लेकिन बढ़ती तापमान 45 डिग्री के पार पहुंचने से इनके भीतर तेल और वाइंडिंग का तापमान करीब 70 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि अधिक तापमान होने पर इन्सुलेशन क्षतिग्रस्त होने और आग लगने का खतरा बढ़ जाता है।

बिजली विभाग के अनुसार कूलरों से लगातार ठंडी हवा देने पर तापमान में 5 से 7 डिग्री तक कमी दर्ज की गई है। वहीं 10 से 20 साल पुराने ट्रांसफार्मरों पर बढ़ते बिजली लोड ने चुनौती और बढ़ा दी है, जिससे अब नए और अधिक क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगाने की जरूरत महसूस की जा रही है।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-11,2082 | राजगढ, दिन बुधवार,दिनांक 27 मई ,2026

न्यूज गैलरी

ट्रैक्टर की चपेट में आने से महिला घायल, चालक पर हुआ केस दर्ज

ब्यावरा। कृषि उपज मंडी में 21 मई को ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से घायल हुई महिला के मामले में सिटी पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला के पुत्र प्रकाश पुत्र रतीश कुशवाह (20) ने पुलिस को बताया कि 21 मई की दोपहर करीब 1 बजे उसी परिसर का फोन आया था, जिसमें उसकी मां के एक्सीडेंट की सूचना दी गई। मंडी पहुंचने पर पता चला कि उसकी मां ट्रैक्टर-ट्राली की छांव में बैठी थी। इसी दौरान चालक बिना बताए ट्रैक्टर आगे बढ़ा ले गया, जिससे उसकी मां पहिए की चपेट में आकर घायल हो गई।

गंगा दशहरा: 50 गांवों में जल संरक्षण का लिया संकल्प

राजगढ़। गंगा दशहरा के अवसर पर मध्य प्रदेश जल निगम द्वारा जिले के 50 गांवों में जल गंगा संवर्धन अभियान आरंभ जल उत्सव एवं जल दिवाली कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों का उद्देश्य पेयजल संरक्षण और जल के महत्व के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करना रहा। ब्राह्मणगांव, कण्वारिया, धामन्या, शिवपुरा, गोरखपुरा, देवला, कलीखेड़ा सहित विभिन्न गांवों में ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। लोगों को पानी की बर्बादी रोकने, नलों में टोंटी लगाने और समय पर जल कर जमा करने के लिए प्रेरित किया गया।

पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रवेश के लिए पंजीयन शुरू

राजगढ़। शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय राजगढ़ में तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा संचालित इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रथम चरण की ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू हो गई है। सिविल, मैकेनिकल, केमिकल तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन ब्रांच में 10वीं के आधार पर प्रवेश दिए जाएंगे। ऑनलाइन पंजीयन 29 मई रात 11:45 बजे तक किए जा...

पानी भरने गई 17 वर्षीय किशोरी लापता, अपहरण का केस दर्ज

राजगढ़। देवास थाना क्षेत्र से 17 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। देवास थाना प्रभारी प्रवीण जाट ने बताया कि किशोरी घर से 4 रिजेर्व दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार उसकी बेटी दोपहर करीब साढ़े 12 बजे पानी भरने की बात कहकर गांव के गोटर पंप पर गई थी, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटी। परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां तलाश की...

21 वर्षीय विवाहिता की मौत के बाद अस्पताल में मायके पक्ष का हंगामा

साहब, ससुराल वालों ने हमारी बेटी को करंट लगाकर मार दिया

ससुराल पक्ष के लोगों पर विवाहिता को मारने के संगीन आरोप, पुलिस जांच जारी

डीआर संवाददाता ✍ सारंगपुर

मांगलियाखेड़ी गांव निवासी 21 वर्षीय विवाहिता की सोमवार रात्रि संदेहास्पद स्थिति में मृत्यु हो गई। देवली गांव निवासी विवाहिता के मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर विवाहिता को करंट लगाकर मारने के आरोप लगाए हैं। घटना की सूचना के बाद गौके पर पहुंचे कोतवाली पुलिस की टीम ने विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा आदि कार्यवाही उपरान्त पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय राजगढ़ भेज दिया है। मामले की जांच में जुटी पुलिस ने मृतक के परिजनों से पूछताछ की है। मामले में आगे की कार्यवाही की जा रही है।

मांगलियाखेड़ी गांव निवासी 21 वर्षीय विवाहिता की सोमवार रात्रि संदेहास्पद स्थिति में मृत्यु हो गई। देवली गांव निवासी विवाहिता के मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर विवाहिता को करंट लगाकर मारने के आरोप लगाए हैं। घटना की सूचना के बाद गौके पर पहुंचे कोतवाली पुलिस की टीम ने विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा आदि कार्यवाही उपरान्त पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय राजगढ़ भेज दिया है। मामले में आगे की कार्यवाही की जा रही है।

मायके पक्ष के लोगों पर गंभीर आरोप

मायके पक्ष के लोगों ने आरोप लगाया है कि विवाहिता को ससुराल पक्ष के लोग लगातार मारपीट करते थे। घटना से कुछ दिन पहले भी उसे गंभीर चोटें आई थीं। परिजनों का कहना है कि बेटी को ससुराल पक्ष के लोग ही मारकर फांसी पर लटका दिया गया है। मायके पक्ष के लोगों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए।

अलग अलग जगहों से कुल 11 चंदन चोर पकड़े गए हैं

जिनके कब्जे से 45 किलो चन्दन बरामद किया गया है। वहीं वहां से जब्त किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अंकिता रोहानी ने मंगलवार दोपहर कंट्रोल रूम में प्रेस वार्ता के दौरान पूरे मामले पर प्रकाश डाला। जानकारी के अनुसार विगत दिनों राजगढ़, गुरदिलगढ़, ढोढा, तीनबोहान क्षेत्र में अनेक स्थानों के सरकारी आवासों से चंदन के पेड़ काटे गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित कर लगातार निगरानी एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। शाकिर अली पिता गुलीम अली निवासी ग्राम कालखोड़ी थाना सारंगपुर, कुरबान पिता अलादीन शेख निवासी ग्राम कालखोड़ी थाना सारंगपुर, बाबू उर्फ बब्बू पिता दुलीम खां निवासी भोई खेड़ा मोहल्ला सारंगपुर शामिल हैं। मुखबिर से जानकारी बाबू उर्फ बब्बू द्वारा बताया गया कि चोरी किया गया ईंधन उसने मुरसिक पिता बाबूलाल भीलिया निवासी खमनोर खिलचीपुर, जावेद पिता वाहीन खान निवासी सारंगपुर थाना रतिया जिला कन्नौज को बेच दिया है।

अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम की पहले मृतिका के पति ललित गायकी पक्ष के अन्य लोगों ने काफी समय तक हंगामा किया और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। प्रशासनिक अधिकारियों से जानकारी लेने पर उन्होंने ललितपुर की अस्पताल निलंबित एवं उपचिकित्सा में मुकेश का पोस्टमार्टम कराया गया। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलिस मामले की सूचना और हर बिंदु से जांच कर रही है।

था झगड़ा पति-पत्नी का रात्रि में हुआ

जानकारी के अनुसार देवली ग्राम निवासी चंद्रकला पंचन का विवाह मांगलियाखेड़ी गांव निवासी राकेश तंवर से हुआ था। सब कुछ ठीक-ठीक चल रहा था लेकिन सोमवार रात्रि पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ। चंद्रकला के पिता बालकिशन सैनी वाले तो रात्रि में ससुराल पक्ष के लोगों का फोन आया कि आपकी बेटी और हमारे लड़के का झगड़ा हो रहा है। इस पर बालकिशन ने कहा कि आप दोनों का झगड़ा खत्म करवा दो, आप भी उसके गाला-गिला हैं। कुछ समय बाद ससुराल पक्ष से फोन का गया कि लड़कवा की मृत्यु हो गई है।

करंट से मारा गया हमारी बेटी को

मृतिका के मायके पक्ष के लोगों के अनुसार उनकी बेटी का शव पड़ा हुआ था। करंट लगाकर उसकी हत्या की गई साथ ही मर्ग के बारे में कोई सुराग न लग सके। मायकापक्ष, मंडरकला की पीठ की जानकारी लगने पर कोतवाली पुलिस की टीम तुरंत गौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही की गई।

पुलिसियल अधिकारी की उपस्थिति में हुआ पीएम

मृतिका चंद्रकला की मृत्यु संदेहास्पद पाए जाने पर पति की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने मुलाकात कर मर्ग की कार्यवाही में पोस्टमार्टम करवाया गया। पुलिस के अनुसार अगर हत्या की गई है तो दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। सच्ची दोषी कुछ होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

ट्रांसफार्मर पर चढ़ा किसान झुलसा, हाथ-पैर काटने की नौबत

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

तिरणखेड़ी गांव में खेत की सिंचाई के दौरान ट्रांसफार्मर पर चढ़े किसान को जोरदार करंट लग गया। हादसे में किसान गंभीर रूप से झुलस गया।

परिजनों का आरोप है कि लाइनमैन ने फोन पर बिजली बंद होने की जानकारी दी थी, जिसके बाद किसान ट्रांसफार्मर पर चढ़ा। उस दौरान डॉक्टरों ने इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसका एक हाथ और एक पैर काटने की आशंका जताई है। जानकारी के अनुसार तिरणखेड़ी निवासी केशरसिंह पुत्र पंचालाल गौहान (30) ने खेत पर पशु बांधा रखना था। मंगलवार सुबह करीब 9 बजे वह सिंचाई करने खेत पर पहुंचा था। बिजली सप्लाई बंद होने पर वह ट्रांसफार्मर के पास देखने गया तो मासूम बेटियों के पिता, हादसे के बाद राहगे में परिवार हादसे में केशरसिंह के हाथ और पैर गंभीर रूप से झुलस गए। परिजनों उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर कर दिया गया। भाई दिलीप तंवर ने बताया कि भोपाल में डॉक्टरों ने एक हाथ और एक पैर शरीर से अलग करने की बात कही है। पटना के बाद परिवार राहगे में है।

केशरसिंह की दो बेटियां हैं, जिनमें तिसरी 4 साल और भावना 1 साल की है। परिवार का कहना है कि हादसे के बाद पूरे घर पर संकट खड़ा हो गया है।

तो वहां लाइन के तार निकले हुए दिखाई दिए।

भाई दिलीप तंवर ने बताया कि केशरसिंह ने लाइनमैन को फोन कर बिजली बंद करने के लिए कहा था। आरोप है कि लाइनमैन ने जवाब दिया कि बिजली बंद कर दी गई है। इसके बाद केशरसिंह ट्रांसफार्मर पर चढ़ गया। जैसे ही उसने हाईटेंशन लाइन के तारों को जोड़ने के लिए हाथ लगाया, उसे जोरदार करंट लग गया। करंट लगने से वह ट्रांसफार्मर से नीचे गिर पड़ा।

जिला अस्पताल में पहली जटिल वैस्कुलर सर्जरी सफल, महिला को मिला नया जीवन

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

राजगढ़ जिला अस्पताल ने चिकित्सा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए पहली बार जटिल वैस्कुलर सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। अस्पताल के पैडियाट्रिक एवं जनरल सर्जन डॉ. अंकुर देशवाली और उनकी टीम ने 29 वर्षीय महिला पूजा साहू के पैर से खून की नसों के खतरनाक गुच्छे को सफलतापूर्वक निकालकर बड़ी सफलता प्राप्त की। खास बात यह रही कि निजी अस्पतालों में 5 से 7 लाख रुपए तक खर्च होने वाली यह सर्जरी जिला अस्पताल में पूरी तरह निशुल्क की गई।

पूजा साहू पिछले चार वर्षों से बाईंयें पैर के घुटने के ऊपर बनने वाली एक गांठ से परेशान थीं। यह गांठ समय-समय पर बढ़ जाती थी, नीली पड़ जाती थी और असहनीय दर्द का कारण बनती थी।

लंबे समय से परिवार इस समस्या को लेकर चिंतित था। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉ. अंकुर देशवाली ने प्रारंभिक जांच में मामले को गंभीर मानते हुए सोनोग्राफी और सीटी स्कैन जैसी जांच कराई। रिपोर्ट में पैर में लगभग 5.5 सेंटीमीटर का वैस्कुलर ट्यूमर सामने आया, जो खून की नसों का जटिल गुच्छा था।

सर्जरी के दौरान अत्यधिक सावधान का सामना होने के बावजूद मेडिकल टीम ने तकनीकी सजगता और सावधानी से ऑपरेशन को सफल बनाया। ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत सामान्य है और वह तेजी से स्वस्थ हो रही है। जिला अस्पताल ने इस उपलब्धि को बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

नाचने आई थीं... रात होटल में रुकी, दोनों सगी बहनों ने लगाया दुष्कर्म का आरोप

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

शादी समारोह में नाच-गाने के लिए राजस्थान से ब्यावरा आई दो सगी बहनों ने होटल में दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगाया है। घटना के बाद दोनों युवतियां रोते हुए अपने घर पहुंची और परिजनों को पूरी आपबीती सुनाई।

मंगलवार को परिजन उन्हें लेकर ब्यावरा के थाना पहुंचे और पुलिस से कार्रवाई की मांग की। हालांकि देर शाम तक पुलिस मामला दर्ज करने की औपचारिकताओं में जुटी रही। घायल पीड़िता और रोजगार की दरमियानी रात का बताया जा रहा है। राजस्थान के बारां जिले के छबड़ा क्षेत्र की रहने वाली दोनों सगी बहनें शादी और अन्य आयोजनों में डांस परफॉर्मेंस का काम करती हैं। रविवार को वे कालीपीठ क्षेत्र के एक गांव में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने आई थीं। पीड़िताओं का आरोप है कि कार्यक्रम के बाद जिला अस्पताल क्षेत्र के बंटी और अर्जुन नाम के युवक उन्हें ब्यावरा के बोपाल बायपास स्थित रंजित होटल में लेकर पहुंचे। वहां रात में दोनों के साथ दुष्कर्म किया गया। घटना के बाद दोनों युवतियां सोमवार को अपने घर लौट गईं। वहां उन्होंने परिजनों को पूरी घटना बताई। मंगलवार दोपहर दोनों बहनें परिजनों के साथ ब्यावरा शहर थाने पहुंचीं। यहां पुलिस ने प्रारंभिक जानकारी लेने के बाद मामला देवास थाना क्षेत्र का बताते हुए उन्हें देवास थाने भेज दिया। इसके बाद पुलिस ने युवतियों से पूछताछ शुरू की।

खीमाखोड़ी के अरुण शर्मा बने फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर, बढ़ाया जिले का गौरव

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

राजगढ़ जिले की खुजनेर तहसील के ग्राम खीमाखोड़ी निवासी अरुण शर्मा ने फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर बनकर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने हाल ही में फॉरेस्ट अकादमी, कोयंबटूर से 19 माह का प्रशिक्षण ऑनर्स के साथ सफलतापूर्वक पूरा किया।

अरुण शर्मा ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपी पीएससी) परीक्षा उत्तीर्ण कर यह उपलब्धि हासिल की। वे शिक्षक जगदीश प्रसाद शर्मा के छोटे पुत्र हैं। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद उन्हें उज्जैन वृत्त में पदस्थापना के आदेश भी जारी किए गए हैं।

उनकी सफलता से खीमाखोड़ी सहित आसपास के क्षेत्रों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की और इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया। अरुण की इस सफलता ने क्षेत्र के युवाओं में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति नया उत्साह पैदा किया है।

6 महीने पहले पिता की मौत... अब 14 साल की बच्ची का शव फंदे पर मिला

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

खानखोड़ा गांव में मंगलवार सुबह 14 साल की एक बच्ची का शव घर के सामने मुख्य के पेड़ पर फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। घटना के बाद परिजन रोने में हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 7 बजे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी कि गांव में एक बच्ची का शव पेड़ पर लटका हुआ है। सूचना पर थाना प्रभारी मनु मखेजिया टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बच्ची को फंदे से सावधानी पूर्वक नीचे उतारा और पंचनामा कार्यवाही की। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। मृतिका अपने 4 बहन-भाईयों में 5वें नंबर की थी।

पुलिस वजह तलाशने में जुटी

थाना प्रभारी मनु मखेजिया ने बताया कि परिजनों से प्रारंभिक पूछताछ की गई है, लेकिन अभी तक आत्महत्या कारण उजागर नहीं हो सके हैं। परिजनों ने भी किसी तरह की जानकारी नहीं होने की बात कही है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

रात में परिवार के साथ सोई थी बच्ची

मृतिका के पिता के बेटे केदार ने बताया कि बच्ची के पिता की करीब 6 महीने पहले बीमारी के कारण मौत हो गई थी। इसके बाद बच्ची मां, भाभी, छोटे भाई और भाभी के दो छोटे बच्चों के साथ रह रही थी। परिजनों के अनुसार मंगलवार रात 10 बजे तक बच्ची घर में ही थी और परिवार के साथ सो गई थी। रात में किसी का डर ही नहीं था कि वह कब और कैसे पेड़ के नीचे चली गई। मंगलवार सुबह जब परिवार के लोग जागे तो पता चला कि बच्ची के पेड़ पर बच्ची का शव लटका मिला।

अवैध पार्किंग हटवाई, सिटी पुलिस ने दुकानदारों को भी दी चेतावनी

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए मंगलवार शाम सिटी पुलिस सड़क पर उतरी। पुलिस ने मुख्य बाजार और व्यस्त मार्गों पर अभियान चलाकर अवैध पार्किंग से खड़े वाहनों को हटवाया। साथ ही सड़क किनारे अतिक्रमण कर दुकान लगाने वालों को भी समझाइश दी गई। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने सड़क पर खड़े दोपहिया और चारपहिया वाहनों को हटवाते हुए वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी। सिटी पुलिस ने दुकानदारों और वाहन चालकों को चेतावनी दी कि आगे भी यदि सड़क पर अवैध पार्किंग या अतिक्रमण मिला तो कार्रवाई की जाएगी। सिटी थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने बनाए रखने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

अभियान: जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 के अंतर्गत कई जगह गंगा दशहरा पर कालीसिंध घाट पर हुआ भव्य महाआरती और दीपदान संपन्न

डीआर संवाददाता ✍ सारंगपुर

गढ़, शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश भर में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 के तहत गंगा दशहरा के अवसर पर रविवार रात्रि को सारंगपुर नगर के रुपिलेश्वर महादेव मंदिर के समीप कालीसिंध नदी घाट पर भव्य पूजन, महाआरती एवं दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. गौतम टेटवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद सारंगपुर के अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल ने की।

इस अवसर पर राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने गंगा दशहरा के पावन पर्व पर माँ कालीसिंध को चुनरी अर्पित कर विधिवत पूजन-अर्चन किया तथा भव्य गंगा आरती में सहभागिता की। उन्होंने नगरवासियों के साथ प्रदेश एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंत्री टेटवाल ने कहा कि माँ कालीसिंध केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, आस्था और जीवन की आधारशिला है। उनका संरक्षण और संवर्धन हम सभी का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से नदी को स्वच्छ, निर्मल एवं अविरल बनाए रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया तथा नदी में कचरा एवं अपशिष्ट नहीं डालने की अपील की। इस दौरान नगरपालिका पंकज कालीपाल ने जल गंगा संवर्धन अभियान में सहयोग कर रही अखिल भारतीय दिव्यांग परिषद सहित विभिन्न सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने भविष्य में भी जनसहभागिता के साथ अभियान को आगे बढ़ाने की बात कही। कार्यक्रम में नगरपालिका उपाध्यक्ष श्रीमती पायल नीलेश बागरी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष महेश पुरोहित, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष पंकज भल्ला, एडवोकेट रविंद्र बच्चोरे, एडवोकेट अरविंद सिंह उपाध्यक्ष बजरंग सीहोरी होलेन्द्र गोहिल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक कुमार सोनी, थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, कार्यवाहक अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु नागरिक उपस्थित रहे।

खिलचीपुर में सजा बाबा श्याम का भव्य दरबार, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़।

राजगढ़ जिले के खिलचीपुर स्थित गोविंद बाग कॉलोनी के नवनिर्मित बाबा खाटू श्याम मंदिर में सोमवार रात वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ बाबा श्याम की प्रतिमा स्थापित की गई। प्रतिमा स्थापन के बाद 56 भोग अर्पित किए गए और जैसे ही मंदिर के पट खोले गए, बाबा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। महाआरती के दौरान पूरा मंदिर परिसर प्यारे के जयकारों से गूंज उठा।

मंगलवार सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर में पहुंचना जारी है। महिलाएं, बुजुर्ग और युवा बड़ी संख्या में बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद ले रहे हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी, फूलों और विशेष सजावट से भव्य रूप दिया गया है।

आयोजन समिति ने नगर भंडारे का आयोजन किया है, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के प्रसादी ग्रहण करने की उम्मीद है।

समिति के अनुसार, बाबा खाटू श्याम की प्रतिमा जयपुर में तैयार की गई थी और उसे पहले खाटूधाम ले जाकर धार्मिक परंपराएं पूरी की गईं। जलाभिषेक से बना इस मंदिर में आगामी दिनों में हवन-पूजन और अन्य धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।